IIM RANCHI

इस सत्र से मैनेजमेंट का 5 वर्षीय इंटीग्रेटेड कोर्स

सिटी रिपोर्टर| आईआईएम रांची में इस सत्र 2021 से मैनेजमेंट में 5 साल का इंटीग्रेटेड कोर्स (इंटीग्रेटेड प्रोग्राम इन मैनेजमेंट) शुरू होनेवाला है। इसमें स्नातक से स्नातकोत्तर (इंटीग्रेटेड बीबीए-एमबीए) तक का प्रोगाम है। इसके अंत में स्टूडेंट्स को मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन (एमबीए) की डिग्री दी जाएगी। इसमें एडमिशन सैट परीक्षा के अंकों, रिटेन एबिलिटी टेस्ट, पर्सनल इंटरव्यू, सेकेंडरी, हायर सेकेंडरी के ओवरऑल परफॉर्मेंस के आधार पर होगा। इस प्रोग्राम में प्रवेश पाने वाले स्टूडेंट्स को अपने व्यावहारिक नेतृत्व व प्रबंधकीय कौशल को विकसित करने के लिए लंबी अवधि मिलेगी। वे कुशल नेतृत्व के माहौल में गहन शोध के संपर्क में रहेंगे, जो सीखने के साथ-साथ छात्र कल्याण पर समान महत्व रखते हैं।

Dainik Bhaskar, 19.01.2021, Pg. 04